उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
14, अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।
CIN:U32201UP1999SGC024928

संख्या-I/5697/2025-कार्य/चौदह-पाकालि/2025-40-के/2021 दिनांक-27-02-2025

## कार्यालय-ज्ञाप

कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-10-कार्य/चौदह-पाकालि/2022-40-के/2021 दिनांक 28.01.2022 द्वारा वितरण एवं ग्रामीण विद्युतीकरण पूँजीगत कार्यों एवं अन्य पूंजीगत कार्यों पर अधिष्ठान व्यय भारित किए जाने हेतु निम्नलिखित दरें निर्धारित की गयी हैं-

| क्रम संख्या | मद का नाम | कार्य पर भारित किए जाने की दर (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| 1 | वितरण एवं ग्रामीण विद्युतीकरण कार्य पर अधिष्ठान व्यय | 13.5 प्रतिशत |
| 2 | अन्य पूंजीगत कार्यों पर अधिष्ठान व्यय | 9.5 प्रतिशत |

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमोदित की जाने वाली डिस्कॉम की व्यवसायिक योजना (Business Plan) में पूँजीगत व्यय के प्राक्कलन में 13.50% और 9.50% की उपरोक्त दर से राशि के भारण को शामिल नहीं किया जाना है।

उक्त बिजनेस प्लान से सम्बन्धित पूँजीगत कार्यों को करने हेतु जो निविदा Contractor को आवंटित की जाती हैं, के सम्बन्ध में ऐसा पाया गया है कि उक्त के प्राक्कलन में भी अधिष्ठान व्यय को उपरोक्त दरों के अनुसार भारित कर सम्मिलित कर लिया जाता है, जिससे Contractor की निविदा का मूल्य अनावश्यक रूप से बढ़ने की संभावना रहती है। फलस्वरूप विभाग के ऊपर अनावश्यक अतिरिक्त वित्तीय भार रोपित हो जाता है।

अतएव उक्त के सन्दर्भ में निम्नवत् निर्देशित किया जाता है कि:-

1. बिजनेस प्लान से सम्बन्धित पूँजीगत कार्यों की निविदा हेतु तैयार किए गए प्राक्कलन एवं पूँजीगत बजटीय प्रस्ताव में अधिष्ठान व्ययों का भारण नहीं किया जाएगा।

2. यदि किसी पुराने एवं प्रयुक्त उपकरण का उपयोग पूँजीगत कार्य के लिए किया जाता है, तो उक्त कार्य का प्राक्कलन सम्बन्धित पुराने एवं प्रयुक्त उपकरण की लागत को छोड़कर तैयार किया जाएगा तथा पूँजीकरण के उद्देश्य से ह्रासित मूल्य (W.D.V) का उपयोग किया जाएगा।

अध्यक्ष

संख्या-I/5697/2025-कार्य/चौदह-पाकालि/2025, तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल/मध्याचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ/केस्को-कानपुर।
4. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0/वित्त/वित0/वाणि0/कार0प्ला0/आई0टी0), उ0प्र0

पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

5. निदेशक (का0 एवं प्रशा0/वित्त/वाणिज्य/तकनीकी), पूर्वान्चल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/लखनऊ/आगरा/ मेरठ, केस्को-कानपुर।
6. अपर सचिव-प्रथम/द्वितीय/तृतीय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन/लेखा सम्प्रेक्षा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. समस्त मुख्य अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
9. समस्त मुख्य अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वांचल/ मध्यांचल/ दक्षिणांचल/ पश्चिमांचल, विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/ लखनऊ/आगरा/ मेरठ/केस्को-कानपुर।
10. समस्त संयुक्त सचिव, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
11. उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन/वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन लखनऊ।
12. अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष संख्या-407, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को वेबसाइट www.uppcl.org पर अपलोड करने हेतु।
13. कट फाइल।

आज्ञा से,

(फैसल खान)
उप सचिव (कार्य)